प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांक : 18.11.2025
समय : 01:00 पी.एम.

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि जल संरक्षण सामूहिक जिम्मेदारी है। सबके प्रयासों और भागीदारी से ही जल समृद्ध भारत का निर्माण किया जा सकता है। श्रीमती मुर्मू आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार समारोह 2025 में बोल रही थी। उन्होंने कहा कि वर्षा जल संचयन के लिए सामुदायिक भागीदारी आवश्यक है।

.....

समारोह में राष्ट्रपति ने जल संचयन जन भागीदारी के लिए राज्य के भीलवाडा, बाडमेर और चित्तौडगढ जिलों को भी सम्मानित किया। जल संचय जन भागीदारी की पहल के तहत जमीनी स्तर पर जल प्रबंधन के लिए जन सहभागिता पर जोर दिया जाता है। इसके तहत राज्यों को पांच क्षेत्रों में विभाजित कर जल भण्डारण संरचनाएं स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त जारी करेंगे। ''पीएम–किसान उत्सव दिवस'' के अवसर पर कोयम्बटूर में आयोजित कार्यक्रम से देश के 9 करोड़ किसानों को 18 हजार करोड़ रूपये की राशि उनके बैंक खातों में डीबीटी की जायेगी। सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने बताया कि राज्य के 66 लाख 62 हजार किसानों को भी उनके बैंक खातों में ये राशि मिलेगी। गौरतलब है कि इस योजना के तहत किसानों को हर साल 6 हजार रूपये की राशि तीन समान किस्तो में दी जाती है। वहीं राज्य में मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को सालाना तीन हजार रूपये अतिरिक्त दिये जाते हैं।

केन्द्रीय मंत्री राव इन्द्रजीत सिंह ने आज उदयपुर में राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण –एनएसएस की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयाजित समारोह में शिरकत की। ये कार्यक्रम पिछले एक साल से सांख्यिकी प्रणाली और आधुनिक डेटा पर संचालित गतिविधियों के समापन समारोह के रूप में आयोजित किया गया है। इसके तहत सांख्यिकी प्रणाली की पहलों पर पैनल चर्चाओं और विभिन्न सत्रों के माध्यम से अनुभव भी साझा किये जा रहे है।

जयपुर के एसएमएस अस्पताल में येलो फीवर और एडल्ट वेक्सिनेशन के लिए ओपीडी जल्द शुरू होगी। एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दीपक महेश्वरी ने बताया कि इससे अफ्रीकी और दक्षिण अमेरीकी देशों की यात्रा पर जाने वाले लोगों को टीकाकरण के लिए इधर उधर चक्कर नहीं काटने पडेंगे। इस वैक्सिनेशन के लिए पहले रजिस्ट्रेशन कराना होगा। इसके बाद टीकाकरण होगा तथा अंतर्राष्ट्रीय प्रमाण पत्र दिया जायेगा।

केन्द्र सरकार की ओर से शुरू किए गए नशामुक्त भारत अभियान के पांच साल पूरा होने के उपलक्ष्य में प्रदेश में आज कई गतिविधियां होंगी। इसी कडी में अलवर में आज नशे के खिलाफ सामूहिक रैली रखी गई है। इसके साथ ही नशे का सेवन नहीं करने के शपथ ग्रहण कार्यक्रम तथा संगोष्ठियां भी आयोजित की जा रही है।

राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद की ओर से आज सवाईमाधोपुर के मलारना डूंगर में प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया है। इसमें राजीविका की कृषि सखियों और पशु सखियों को ट्रेनिंग दी जा रही है। लखपति दीदी बनाने के लक्ष्य के तहत महिलाओं की आमदनी बढाने और उद्यमिता के माध्यम से उन्हें स्वावलम्बी बनाने के लिए ये कार्यशाला रखी गई है।

भरतपुर के बयाना में आज बाल वैज्ञानिक मेला आयोजित किया गया। इसमें बच्चों ने विभिन्न प्रकार के मॉडल्स बनाये है। इनमें सोलर सिटी, वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, पवन चक्की और ऑटोमेटिक ट्रेफिक सिग्नल सहित कई मॉडल शामिल है। मेले में पर्यावरण संरक्षण और दैनिक जीवन से जुडे कई मॉडलों का प्रदर्शन कर स्वच्छता का भी संदेश दिया जा रहा है।

प्रदेश के कुछ हिस्सों में शीतलहर का असर बना हुआ है। सीकर के फतेहपुर में रात का पारा 5 दशमलव 3 डिग्री सैल्सियस रिकॉर्ड हुआ। वहीं नागौर में न्यूनतम तापमान साढे पांच डिग्री सैल्सियस रिकॉर्ड किया गया।